तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, गुरुवार 28 मार्च 2024



12 होली पर परंपरा और आधुनिकता का मिलाप बरसे रंग-गुलाल...





11 आगामी चुनाव में बनेगी कांग्रेस की सरकार...






## खबर संक्षेप

### मुजालगोंदी में मिली युवक की लाश



**गुरूर।** पुरुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मुजालगोंदी गाड़िया बांध पहाड़ के नीचे एक युवक की लाश पुलिस ने बरामद की है। समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुरुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक की उम्र लगभग 30 से 35 वर्ष है। वहीं उसकी दाहिने भुजा में गोदने से बिच्छू का निशान है तथा बाएं हाथ में गोदने से मन्नू प्रीति तथा सीने पर एम प्लस एल लिखा है। पुलिस ने अज्ञात शव बरामद कर उसकी शिनाख्त करने सोशल मीडिया में फोटो शेयर किया है। मृतक की शिनाख्त होने और पोस्टमार्टम होने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा। फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

### स्वतंत्रता संग्राम सेनानी गिरधारीदास मानिकपुरी जन्म शताब्दी समारोह आज



**अंडा।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. गिरधारीदास मानिकपुरी के जन्म शताब्दी समारोह का आयोजन 28 मार्च को गृह ग्राम कुथरेल में किया जाएगा। कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर, दुर्ग विधायक गजेन्द्र यादव, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू व लोकसभा प्रत्याशी राजेन्द्र साहू विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर 28 मार्च को सुबह 10.30 से 1 बजे तक श्रद्धांजलि सभा एवं सुर सरोज कुथरेल द्वारा संगीतमय प्रस्तुति दी जाएगी। उसके बाद चौका आरती की जाएगी।

### आदिवासी कंवर पैंकरा समाज का आदर्श विवाह कार्यक्रम 31 को

**बालोद।** आदिवासी कंवर पैंकरा समाज जिला बालोद द्वारा आदर्श विवाह का कार्यक्रम 31 मार्च को सामाजिक भवन ग्राम रेंगाकठेरा गुण्डरदेही में आयोजित किया गया है। इसके तहत सुबह 9 बजे से सामाजिक रीति-रिवाज के साथ मंडप पूजन चूरमाटी, तेलमाटी, तेलमयान, एवं बारात स्वागत शाम 4 बजे पाणिग्रहण व आशीर्वाद का कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम में अध्यक्ष केश कुमार ठाकुर, सचिव शेष नारायण चंद्रवंशी, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष नंदकुमारी, उपाध्यक्ष टिकेश्वरी कंवर, कर्मचारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष गोपेन्द्र सिंह चंद्रवंशी, सचिव अरुण कुमार चंद्रवंशी, संरक्षक एचएल दूधकौरव, सलाकार दशरथ प्रसाद चंद्रवंशी के साथ समाज के सदस्य उपस्थित रहेंगे।

### मराठा समाज की मासिक बैठक 31 को

**बालोद।** मराठा समाज की मासिक बैठक व होली मिलन समारोह का आयोजन पेंशनर भवन शिकारीपारा बालोद में 31 मार्च को 12 बजे से किया गया है। अध्यक्ष मराठा समाज डॉ आरएम मोरे ने मराठा समाज के सभी महिला, पुरुष बंधुओं से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।



**होली पर बरसे रंग, उड़े गुलाल...**

**बालोद।** जिले में होली का त्योहार पारंपरिक रूप से हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान कई स्थानों पर होलिका दहन किया गया। दूसरे दिन लोगों ने रंगोत्सव मनाया। दिनभर लोग रंग-गुलाल से सराबोर रहे। इसके साथ ही नगाड़ों की धुन पर फाग गीतों के साथ ही डीजे पर बज रहे गीतों पर भी दिनभर थिरकते रहे।

## अपराध : पशु चिकित्सक के घर से लाखों का सोना, नकदी हुआ था पार

# गहन छानबीन के बाद भी पुलिस के हाथ नहीं लगा कोई सुराग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत बूढ़ापारा में स्थित पशु चिकित्सक के घर हुए करीब पांच लाख की चोरी के मामले में पुलिस अब तक कोई सुराग नहीं जुटा पाई है। घटना के बाद फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड की टीम भी मौके पर बारिकी से जांच कर चोरों की पतासाजी में जुट गया है। ज्ञात हो कि होली पर्व के पहले चोरों ने पुलिस को चुनौती देते हुए शहर के रिहायशी इलाके में चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया है।

पशु चिकित्सालय में पदस्थ डॉक्टर ताम्रध्वर देवांगन के घर करीब 4 लाख 50 हजार रुपये का सोना और 50 हजार रुपये नगदी रकम पर अज्ञात चोर ने हाथ साफ किया है। घटना शुक्रवार और शनिवार के मध्य रात्रि को हुई है। घटना की रात्रि डॉक्टर और उनके परिवार के सभी लोग नारायणपुर में अपने किसी रिश्तेदार के घर बर्थड़े कार्यक्रम में शामिल होने गए थे और शनिवार को शाम करीब 4:30 बजे जब वे वापस अपने घर लौटे तो अलमारियों से लाखों के जेवरात और नगदी रकम की चोरी हो चुकी थी। कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है।

### कोतवाली थाना क्षेत्र के बूढ़ापारा में 23 को हुई थी चोरी



### दीपावली में भी हुई थी चोरी

नवम्बर माह में दीपावली पर्व के एक दिन बाद शहर के संजय नगर में एक साहू परिवार के घर सोना–चांदी के जेवरात सहित नगदी रकम कुल करीब 40 हजार रुपए की चोरी हुई थी, हालांकि पुलिस ने चोर को पकड़ने में सफलता हासिल कर ली लेकिन प्रार्थी को उनके नगदी रकम और चोरी के जेवरात आज तक नहीं मिल पाया है। घटना को बीते करीब 5 माह का समय हो चुका है फिर भी नगदी रकम और जेवरात उन्हें वापस नहीं मिलना समझ से परे है।

### सोने के सिक्के, ज्वेलरी, नकदी पार

प्रार्थी डॉक्टर ताम्रध्वर देवांगन ने बताया कि 23 मार्च की शाम घर लौटने पर मुख्य द्वार का ताला टूटा हुआ था। घर के अंदर प्रवेश किया तो देखा सभी कमरों का ताला टुटा हुआ था और घर के पीछे का दरवाजा का ताला भी टूटा हुआ था। घर की जांच करने पर आलमारी का लॉकर टूटा हुआ था। अलमारियों को चेक करने पर सोने का सिक्का 6 नग, सोने का रानीहार 2 नग, सोने का कंगन 2 जोडी कुल कीमती करीबन 4,40,000 रूपये और नगदी रकम करीब 50,000 रूपये कुल लगभग 4,90,000 रूपये को कोई अज्ञात चोर द्वारा रात्रि घर एवं आलमारी का ताला तोड़ कर चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी लगते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन की ओर चोर का सुराग ढूंढते रहे। पुलिस ने मामले में अज्ञात चोर की पतासजी करने जुट गई है।

## होली में हुड़दंगियों ने मचाया उत्पात मामूली विवादों पर चला चाकू-ब्लेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



- जिले भर में मारपीट व चाकूबाजी की घटना से सहमे लोग

जिले में होली त्योहार के बीच एक-दो थाना क्षेत्र को छोड़ बाकी अन्य थाना क्षेत्रों में मारपीट की घटना सामने आई है। कहीं हाथ मुक्के से तो कही बेल्ट तथा डंडे व टंगिया से हमला किया गया है। ग्राम सरेखा और तमोरा में चाकूबाजी की घटना सामने आई है। पुलिस ने सभी मामलों में अपराध दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है। ग्राम सरेखा में एक व्यक्ति ने एक युवक के सिर, कंधा तथा पीठ पर चाकू से हमला कर दिया। जबकि ग्राम तमोरा में नगाड़ा बजाने के विवाद में एक युवक द्वारा जबड़े में चाकू से हमला किया गया। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### जेठानी ने टंगिया से किया हमला

ग्राम तरौद निवासी रितु निर्मलकर ने अपनी जेठानी लेखिन निर्मलकर पर टंगिया से हमला करने का आरोप लगाया है। रितु निर्मलकर ने बताया कि बच्चा पानी खेल रहा था, इस दौरान जेठानी बच्चे को गाली गलौज कर रही थी, जिसे मना किया तो जेठानी लेखिन निर्मलकर ने रितु निर्मलकर के सिर पर हमला कर दिया।

### दामाद ने ससुर को पीटा

कुन्दरूपारा निवासी इतवारी पटेल ने अपने दामाद सतीश मानिकपुरी पर डंडा से हमला करने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि अटल आवास में दामाद और बेटी पास के घर में रहते हैं। इतवारी पटेल तरबूज का छिलका खाकर घर के बाहर रख दिया, इतने में दामाद सतीश मानिकपुरी कचरा फैलाने का आरोप लगाकर गाली गलौज करते हुए अपने ससुर इतवारी पटेल की डंडे से पिटाई कर दी।

### रंग लगाने के नाम पर विवाद

ग्राम परसूली में रंग गुलाल लगाने की बात को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। प्रार्थी निखिल साहू ने बताया कि सोमवार को होली त्यौहार के दिन रंग गुलाल खेलने बड़ेपारा परसुली गया था। बुधराम कोठारी के घर के पास शाम करीब 5 बजे गांव के यमुना प्रसाद सोनकर रंग गुलाल खेलने की बात को लेकर विवाद करने लगा। इस दौरान प्रार्थी ने मना किया तो गाली गलौज, धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किया हैं। जिससे निखिल के दाहिने आंख के पास व नाक में चोट आया हैं।

**जबरन लगाया रंग हो गई पिटाई :** ग्राम भंडेरा निवासी गुलशन डहरिया ने बताया कि सोमवार को होली खेलने जय स्तम्भ चौक के पास शाम करीब 6:30 बजे गया था। इस दौरान गांव के कुलेश्वर कुमार रात्रे व प्रदीप कुमार रात्रे आया और ▶▶| शेष पेज 11 पर

## घुमंतू, डेरों व फेरीवालों से रहें सावधान

# अनजबी-संदिग्ध नजर आए तो पुलिस को करें सूचित : सीएसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

होली पर्व के बाद अब शादी-विवाह का सीजन आ गया है। इस सीजन में शादी-विवाह के अवसर पर काफी सचेत होकर रहना आवश्यक है। नगर पुलिस अधीक्षक चित्रा वर्मा ने बताया कि डेरा डालने वाले व फेरी कर समान बेचने वालों से सावधान रहने की जरुरत है।सूने मकान में ताला लगा देखकर चोरी जैसी वारदातों को अंजाम देते हैं।

नगर पुलिस अधीक्षक चित्रा वर्मा ने आमजनों से अपील करते हुए कहा कि घर को सूना ना छोड़ें, कहीं बाहर जाना हो तो स्थानीय पुलिस को सूचना दें और हो सके तो सीसी कैमरे अवश्य लगाएं ताकि चोरियां कम हो सके। उन्होंने बताया कि गांव-गांव में में घूम कर फेरी करके समान बेचने वाले, ग्रामीण/शहरी क्षेत्रों के



आसपास डेरा डालकर सामान बेचने वालों से सावधान रहने की आवश्यकता है। कपड़ा, साड़ी, रजाई, गद्दे , बर्तन, चांवल, इलेक्ट्रॉनिक समान, चुड़ियां, जेवर सफाई के नाम से, फेरी वाले बाबा बनकर ऐसे गिरोह वारदातों को अंजाम देते हैं। रेकी करने वाली टीम दिन में आकर आपके मकान की रेकी करते हैं, रात में दूसरी टीम ▶▶| शेष पेज 10 पर

### अजनबी फेरी वालों की सूचना थाने में दें

कोई भी अजनबी फेरी वाला /डेरा आपके क्षेत्र में दिखाई दे तो तत्काल इसकी सूचना संबंधित थाने की दिया जाना चाहिए। इन संदेही, अजनबियों को थाने भेजकर मुसाफिरी दर्ज कराया जाना चाहिए। किरायेदार की जानकारी दल्ली राजहरा थाने में अवश्य दें।

## कर्मचारियों को कार्यरत विकासखंड मुख्यालय में दिया जाए प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन बालोद के पदाधिकारियों ने जिला निर्वाचन अधिकारी से की मांग



छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन बालोद के पदाधिकारियों ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के मतदान दलों के प्रशिक्षण कर्मचारियों के कार्यरत विकासखंड मुख्यालय में आयोजित करने व 60 वर्ष तथा उससे अधिक आयु के कर्मचारियों को निर्वाचन कार्य से मुक्त रखने की मांग को लेकर कलेक्टर बालोद से मुलाकात कर चर्चा की व ज्ञापन सौंपा।

विदित हो कि आगामी लोकसभा निर्वाचन हेतु प्रशिक्षण शेड्यूल में विधानसभा निर्वाचन की तरह विधानसभा मुख्यालय में प्रशिक्षण स्थल तय किए गए हैं। प्रशिक्षण में कर्मचारियों को एक विकासखंड से दूसरे विकासखंड मुख्यालय प्रशिक्षण के लिए उपस्थिति देना है। डौंडी, डौंडी लोहारा, गुण्डरदेही विकास खंड के कर्मचारियों को बालोद में, बालोद, गुरूर, डौंडी व डौंडी लोहारा के कर्मचारियों को गुण्डरदेही में व इसी प्रकार दूर विकासखंड में प्रशिक्षण दिया जाना है। सत्र 2018 व 2019 के विधानसभा व लोकसभा निर्वाचन व उससे पूर्व के निर्वाचन में सभी विकासखंड मुख्यालय में प्रशिक्षण दिया जाता रहा है। आखिरी प्रशिक्षण संबंधित विधानसभा जिसमें कर्मचारियों को निर्वाचन संपन्न कराने जाना होता था, वहाँ दलों के मिलान के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया जाता था। उसी तरह के प्रशिक्षण की व्यवस्था की मांग टीचर्स एसोसिएशन ने जिला निर्वाचन अधिकारी से की है। साथ ही 60 वर्ष आयु से अधिक के कर्मचारियों को निर्वाचन कार्य से मुक्त रखने की भी मांग की गई। संघ की मांग पर कलेक्टर ने विचार करने का आश्वासन दिया है।

मुलाकात करने वालों में छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिलाध्यक्ष दिलीप साहू, जिला संयोजक रामकिशोर खरांशु, जिला उपाध्यक्ष शिव शांडिल्य, उमेश साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, पंकज सोनी शामिल थे।

### गंदगी देख आयुक्त ने जाहिर की नाराजगी

**भिलाई।** नपानि भिलाई-चरोदा में शनिवार को राम मंदिर भिलाई 3 के समीप अपने दैनिक विजिट के तौर पर पहुंचे निगम आयुक्त डीएस राजपूत द्वारा दुकानों और होटलों के बाहर पड़े कचरों को देख कड़ी नाराजगी जाहिर की है।

## ग्राम अर्जुनी निवासी साहू परिवार ने किया नेत्रदान

# ईश्वरी देवी की आंखों से दुनिया देख सकेंगे दो दृष्टिहीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

नेत्र चिकित्सा विभाग की सक्रियता एवं जागरूकता अभियान के अच्छे परिणाम लगातार सामने आ रहे हैं। आमजन में नेत्रदान के प्रति जागरूकता से नेत्र के मरीजों को लाभ होने लगा है। विकासखण्ड के ग्राम अर्जुनी में ईश्वरी देवी की मृत्यु के बाद उनके परिजनों ने नेत्रदान किया। इससे दो नेत्र रोगियों को रोशनी मिल सकेगी।



जिलाधीश इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम सूर्यवंशी के निर्देशानुसार व जिला नोडल अधिकारी डॉ एके मिश्रा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अखिलेश शर्मा के मार्गदर्शन एवं सहायक नोडल अधिकारी अनिल कुमार सिन्हा के नेतृत्व में जिला अंधत्व एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम के तहत ग्राम अर्जुनी विकासखण्ड गुरूर निवासी स्व ईश्वरी देवी साहू पति स्व श्याम लाल साहू 85 वर्ष की इच्छा को सार्थक करते हुए उनके परिवार की सहमति से मरणोपरांत नेत्रदान की प्रक्रिया पूर्ण की गई।

27 मार्च को प्रातः 10 बजे ईश्वरी देवी साहू की मृत्यु के बाद उनके परिजनों ने स्वास्थ्य विभाग गुरूर को समाज सेविका विद्या साहू द्वारा सूचना दी गई, जो कबीर आश्रम करहीभदर से संबंधित हैं। सूचना मिलते ही नेत्र विभाग की टीम नेत्र विशेषज्ञ डॉ एके मिश्रा, बीएमओ गुरूर जीआर रावटे, सहायक नोडल अधिकारी अनिल कुमार सिन्हा, नेत्र सहायक अधिकारी डिगेश देवदास, कुशल साहू, टिकेश्वर साहू, एएनएम परमेश्वरी साहू, ग्रामीण स्वास्थ संयोजक पौसार्य ग्राम अर्जुनी दोपहर 12 बजे पहुंचे। उन्होंने स्व ईश्वरी देवी के नेत्र संकलित कर उन्हें अनुसंधान केन्द्र रायपुर पहुंचाया।

नेत्रदाता स्व ईश्वरी देवी साहू के पुत्र उपेन्द्र, दीपेश, नोबल व सुनील साहू की सहमति से संपन्न किया गया। उनके नेत्रदान करने से 2 दृष्टिहीन कार्निया बाधितों को आंख की ज्योति मिल जाएगी।


**पाठक सूचना**

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100



**संजीवनी**

राजनांदगांव का एकमात्र

हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

**न्यूरोलॉजी विभाग**

डॉ. घनश्याम बिसेन सासापारधी

MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY (PGI Chandigarh)

- सिर दर्द (माईग्रेन)
- मिर्गी
- लकवा
- ब्रेन ट्यूमर
- ब्रेन हेमरेज
- साइटिका (कमर दर्द)

**हृदय रोग विभाग**

Dr. Zahid Khan

MBBS, MD, DM Cardiologist

- एंजियोग्राफी
- एंजियोप्लास्टी
- पेसमेकर

24x7 DM कार्डियोलॉजिस्ट उपलब्ध

24/7 Emergency सेवा उपलब्ध

OPD 10 AM to 4.00 PM

आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल

पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)

24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप

### डायरिया पीड़ितों का हालचाल जानने अस्पताल पहुंचे पंकज



**रायपुर**। रायपुर ग्रामीण विधानसभा के विधायक प्रत्याशी रहे कांग्रेस नेता पंकज शर्मा रविवार को मेकाहारा एवं जिला अस्पताल पहुंचे जहां उन्होंने डायरिया से पीड़ित लोगों से मुलाकात कर स्थिति का जायजा लिया। उनके साथ डॉ. राकेश गुप्ता एवं अरुण केडिया भी मौजूद थे। ज्ञात हो कि पिछले कुछ दिनों से ग्रामीण विधानसभा के अंतर्गत लभांडी संकल्प सोसायटी एवं आसपास डायरिया का प्रकोप देखने को मिल रहा है। अब तक 100 से अधिक मरीज इससे पीड़ित हो चुके हैं, जिन्हें उपचार के लिए मेकाहारा एवं जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ितों में बुजुर्ग के साथ-साथ बच्चे भी शामिल हैं।

### बच्चों को ट्रैफिक रूल्स और रेगुलेशन की दी जानकारी

**रायपुर**। कोलंबिया इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी रायपुर के एनएसएस इकाई द्वारा ग्राम सेमरिया में विगत दिनों शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान नियमित रूप से प्रभातफेरी, योगा, व्यायाम, सफाई अभियान तथा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर टैफिक पुलिस टीके भोई ने बच्चों को ट्रैफिक रूल्स और रेगुलेशन पर जानकारी दी। इसी दौरान सेंचुरी सीमेंट कॉलेज के सहायक प्रध्यापक डॉ. कमलेश धीवर ने भारत की हानिरहित पौराणिक तकनीकी ज्ञान-वैदिक पद्धति पर व्याख्यान और नशामुक्ति केंद्र रायपुर द्वारा नशे से होने वाली समस्या एंव समाधान पर व्याख्यान दिया। एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी टोमेश्वर कुमार धीवर ने बताया कि इस शिविर में संस्था के सचिव हरजीत सिंह हूरा, कोलंबिया टेक्नोलॉजी के प्राचार्य डॉ. प्रो. एसके मौलिक, ग्राम सेमरिया के सरपंच मनीष नारंग, सहायक शिक्षक उदय कुमार रजक आदि शामिल थे।

### लाउडस्पीकर का उपयोग की अनुमति के लिए सक्षम प्राधिकारी नियुक्त

**दुर्ग**। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए छग कोलाहल अधिनियम 1985 के अंतर्गत ध्वनि विस्तारक यंत्र, लाउड स्पीकर के उपयोग के संबंध में जारी किये गये प्रतिबंधात्मक आदेश के संदर्भ में प्रदत्त अधिकार का उपयोग कर चुनाव प्रचार सभाओं के आयोजन, सभाओं में लाउड स्पीकरों के उपयोग, प्रचार वाहनों में लाउड स्पीकर के उपयोग, जुलुस के मार्ग निर्धारण, जुलुस निकालने की अनुमति देने के संबंध में नगर पालिक निगम रिसाली भिलाई के आयुक्त श्रीमती मोनिका वर्मा को सक्षम प्राधिकारी नियुक्त किया है। इनके लिंक अधिकारी संयुक्त कलेक्टर दीपक निकुंज रहेंगे। जिला दंडाधिकारी के आदेशानुसार नियुक्त सक्षम प्राधिकारी अपने कार्यालय में अनुमति हेतु प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों की प्राप्ति पंजीबद्ध करेंगे। चुनाव प्रचार के लिए लाउडस्पीकर का उपयोग सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमति मिलने पर भी अधिकतम सुबह 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक ही किया जा सकेगा।

# निवेश में सोना ही दे रहा सबसे ज्यादा रिटर्न, डेढ़ साल में कीमत बढ़ी 19 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

आम आदमी अपनी बचत में से निवेश के लिए कई तरह के तरीके अपनाता है। लेकिन निवेश में सबसे ज्यादा फायदा कहां है इसकी जानकारी कम लोगों को रहती है, इसलिए लोग जहां की जानकारी मिलती है, वहां पर निवेश कर देते हैं। लेकिन जानकार सबसे ज्यादा निवेश सोने में करते हैं। सोना ही निवेश के लिए सबसे खरा है। इसमें सबसे ज्यादा रिटर्न मिलता है। जिस तरह से सोने की कीमत में पिछले एक साल से तेजी देखी जा रही है, उससे साफ है कि इसमें निवेश करने वालों की चांदी होती है। पिछले डेढ़ साल में सोने की कीमत में 19 हजार का इजाफा हुआ है। यानी करीब 25 फीसदी रिटर्न मिला है। इसके मुकाबले पिछले एक साल के दूसरे रिटर्न देखें तो इक्विटी ने 15 फीसदी, लिक्विड फंड ने 6.25 फीसदी और एफडी ने सात फीसदी का रिटर्न दिया है। प्रॉपर्टी में 12 से 15 फीसदी रिटर्न मिलता है।

**पांच साल में सोने की कीमत हो गई डबल से भी ज्यादा, 2018 में कीमत थी 30200, अभी कीमत 68600 रुपए**

### डेढ़ साल में सोना 19 हजार हुआ महंगा

2022 में धनतेरस और पुष्य नक्षत्र और दीपावली के समय राजधानी रायपुर में सोने की कीमत 50 हजार दो सौ रुपए थी, पिछले साल धनतेरस पर 63 हजार रही। यानी एक साल में कीमत में 13 हजार का इजाफा हुआ। इतना इजाफा पहले कभी किसी साल नहीं हुआ था। बीते साल कीमत में लगातार इजाफा होने से पहले कीमत 55 हजार के पार हुई। इसके बाद देश में सोना पहली बार इस साल 60 हजारी हुआ और इसके बाद सोना 63 हजारी की राह पर चला और अंत में यह 63 हजार के भी पार हो गया। बीते साल के अंत में सोना 65 हजार रहा नए साल में भी सोने की कीमत 65 हजार के पार रही। इसके बाद कीमत लगातार बढ़ते हुए अब 69 हजार के करीब पहुंच गई है।



### शेयर बाजार ज्यादा भरोसेमंद नहीं

शेयर बाजार में भी यूं तो फायदा होता है, लेकिन यह ज्यादा भरोसेमंद नहीं है। जानकारों के मुताबिक पिछले तीन सालों में इसमें करीब 25 फीसदी तक का रिटर्न मिला है, लेकिन पिछले साल की बात करें तो इसका प्रतिशत 15 रहा है। इसके अलावा एफडी की बात करें तो अब इसके ब्याज में इजाफा हुआ है। पहले इसमें रिटर्न 5.5 से छह फीसदी ही था। अब यह सात फीसदी से ज्यादा हो गया है, लेकिन सोने के मुकाबले में कोई भी सेक्टर बेहतर नहीं है। सराफा कारोबारी हरख मालू के मुताबिक सोने की कीमत पांच साल में डबल से भी ज्यादा हो गई है।

### प्रॉपर्टी में फायदे का सौदा

सोने के बाद निवेश के लिए लोग प्रॉपर्टी को सबसे अच्छा मानते हैं। रियल एस्टेट में बने मकानों की कीमत तो साल भर में करीब 12 से 15 फीसदी तक बढ़ती है, लेकिन प्लॉट की कीमत में ज्यादा इजाफा होता है। बिल्डर शैलेश वर्मा के मुताबिक प्लॉट की कीमत हर हाल 20 फीसदी तक बढ़ जाती है। यही वजह है कि लोग निवेश प्लॉट में ज्यादा करते हैं।


## नए सत्र में होगी 36 सौ करोड़ की कमाई पर पुराना घाटा 8046 करोड़ का

# अप्रैल में नहीं जून में जारी होगा नया टैरिफ

**घरेलू को छोड़ बाकी को लगेगा महंगी बिजली का झटका**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार



प्रदेश के करीब 50 लाख घरेलू उपभोक्ताओं के लिए तो यह बड़ी राहत की बात है कि उनको नए सत्र में महंगी बिजली का झटका नहीं लगेगा, लेकिन बाकी वर्ग को महंगी बिजली का करंट जरूर लगना तय है। पॉवर कंपनी ने बिजली नियामक आयोग को जो लेखा-जोखा भेजा है, उसमें उसको नए सत्र में 36 सौ करोड़ का फायदा तो हो रहा है, लेकिन पुराना घाटा 8046 करोड़ का होने के कारण कंपनी ने आयोग को घरेलू उपभोक्ताओं को छोड़कर बाकी वर्ग में घाटे की पूर्ति के लिए टैरिफ बढ़ाने की मांग रखी है। ऐसे में तय है कि बाकी वर्ग के लिए नए सत्र में बिजली महंगी हो जाएगी। अब नियामक आयोग अंतर की जो राशि मंजूर करेगा, उसके हिसाब से ही टैरिफ में बदलाव होगा। नए टैरिफ को लेकर जनसुनवाई हो चुकी है। आचार संहिता के कारण इस बार अप्रैल के स्थान पर लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद जून में नया टैरिफ जारी होगा।

हर साल के टैरिफ के लिए छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर वितरण कंपनी बिजली नियामक आयोग को दिसंबर में अपना लेखा-जोखा भेजती है, लेकिन इस पर समय पर याचिका नहीं लग सकी। ऐसे में पॉवर कंपनी को याचिका के लिए नोटिस जारी कर दिया गया था। ऐसे में पॉवर कंपनी ने पहले ऑनलाइन और इसके बाद ऑफलाइन अपनी याचिका लगा दी थी। छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने नए सत्र के लिए अपना लेखा-जोखा नियामक आयोग को भेजा है। पॉवर कंपनी ने अपनी याचिका में घरेलू को छोड़कर बाकी वर्गों का टैरिफ बढ़ाने की मांग रखी है।

### 3000 करोड़ से ज्यादा फायदा

पॉवर कंपनी ने जो लेखा-जोखा भेजा है, उसमें पॉवर कंपनी ने जहां अपना खर्च 1799.46 करोड़ बताया है, वहीं कमाई 21616.77 करोड़ बताई है। ऐसे में 3626.31 करोड़ का फायदा हो रहा है। लेकिन सबसे बड़ी समस्या यह है कि पुराना घाटा बहुत ज्यादा है। जहां पहले का घाटा करीब 4848.91 करोड़ का है वहीं पिछले सत्र में बताया गया 2924.53 करोड़ का भी घाटा है। कुल मिलाकर 8046.66 करोड़ का घाटा है। इसमें 3626.31 करोड़ की कमाई को कम करने के बाद भी 4420.35 करोड़ की कमी हो रही है। इसी कमी को पूरा करने के लिए टैरिफ में इजाफा करने की मांग है।

### आयोग तय करेगा टैरिफ

आयोग के पास याचिका लगने के बाद अब आयोग पहले वितरण कंपनी के साथ ही उत्पादन और ट्रांसमिशन कंपनी का भी पूरा लेखा-जोखा देखने के बाद तय करेगा कि कंपनी को वास्तव में खर्च के लिए कितने राजस्व की जरूरत है और उसको वास्तव में बिजली बेचने के कितना राजस्व मिलेगा। इसी के साथ पुराना घाटा कम करने के बाद वास्तव में उसकी पूर्ति के लिए कितने अतिरिक्त राजस्व की जरूरत पड़ेगी। इसके बाद जनसुनवाई होगी और फिर नया टैरिफ तय होगा। इसमें आयोग अंतर की राशि की पूर्ति के लिए तय करेगा किस वर्ग के टैरिफ में कितना इजाफा होगा। आयोग पुराने घाटे को एक के स्थान पर इससे ज्यादा बार में भी पूरा करने का फैसला कर सकता है। ऐसा होने से टैरिफ में कम इजाफा होगा।

# लोस निर्वाचन 2024 की तैयारियों का कलेक्टर और एसपी ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी आगामी लोकसभा निर्वाचन हेतु बीएलओ के प्रशिक्षण में शामिल हुईं। एआरओ हरवंश मिरी की अध्यक्षता में यह प्रशिक्षण बीआईटी दुर्ग में संपन्न हुआ। कलेक्टर ने इस मौके पर बूथ लेवल ऑफिसर्स से चर्चा की। चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में कोई भी दिव्यांगए थर्ड जेण्डरए एवं सिनियर सिटीजन 85 वर्ष से अधिक मतदाता मतदान करने से वंचित न होने पाए। हर क्षेत्र से शत-प्रतिशत मतदान करवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को नगर निगम एवं स्कूलों के वालिनटियर्स के सहयोग से सभी विधानसभा क्षेत्रों में इन वर्गों के लोगों का आकलन कर इनके लिए मतदान सुविधा की उपलब्धता सुनिश्चित करवाने को कहा। निर्वाचन ड्यूटी पर नियुक्त किए गए अधिकारी कर्मचारियों को आपस से समन्वय बनाकर कार्य करने कहा।साथ ही उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों में पेयजल, शौचालय, बिजली, व्हील चेयर एवं छायादार विश्राम स्थल की व्यवस्था हो, जहां पर बुजुर्ग, बीमार, मतदाताओं के साथ आए छोटे बच्चे एवं गर्भवती महिलाएं विश्राम कर सके। केंद्रों में एएनएम और वालिंटियर भी रहेंगे।

### मतगणना केंद्र का लिया जायजा

आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी एवं एसपी जितेंद्र शुक्ला ने अधिकारियों के साथ मतगणना केंद्र शंकराचार्य इंजीनियरिंग कॉलेज दुर्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर सुश्री चौधरी ने मतगणना केंद्र की संपूर्ण तैयारियों का जायजा लिया। साथ ही मतगणना केंद्र व स्ट्रांग रूम का अवलोकन किया। उन्होंने मतगणना के दौरान आवश्यक तैयारियों एवं सुरक्षा व्यवस्था संबंधित जानकारी ली। उन्होंने मिडिया बॉक्स को मतगणना केंद्र के और पास बनाने कहा ताकि जनता तक समय में मतगणना संबंधित जानकारी पहुंच सके। उपनिर्वाचन अधिकारी बजरंग दुबे ने सभी तैयारियों के बारे में कलेक्टर को विस्तार से बताया एवं शांतिपूर्ण कार्य निष्पादन का आश्वासन भी दिया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ अश्वनी कुमार देवांगन, आयुक्त नगर निगम भिलाई देवेश ध्रुव, एसडीएम दुर्ग मुकेश रावटे एवं अन्य अधिकारीगण मौजूद रहें।

# कांग्रेस की बची चार सीटों पर कई दावेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीटों में से कांग्रेस ने 7 सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं, चार सीटें अब भी बाकी हैं। शनिवार को कांग्रेस की चौथी लिस्ट जारी की गई। इसमें छत्तीसगढ़ के लिए केवल एक ही उम्मीदवार का नाम था। बस्तर लोकसभा सीट से सीनियर नेता कवासी लखमा को उतारा गया है। जानकारी के अनुसार, बची हुई चार सीटों पर सिंगल नाम नहीं होने के कारण कांग्रेस ने उम्मीदवार नहीं घोषित किए हैं। इन सीटों पर उम्मीदवारों को लेकर कांग्रेस में मंथन चल रहा है।

चौथी सूची में कांग्रेस ने बस्तर से केवल एक सीट पर पूर्व मंत्री कवासी लखमा को उतारा है। यहां पर 27 मार्च तक नामांकन दाखिल होना है। होली के चलते अब दो दिन नामांकन के लिए शेष हैं। ऐसे में कांग्रेस ने यहां से उम्मीदवार की घोषणा कर दी है, शेष सीटों में कांकेर सीट में चुनाव दूसरे चरण में होगा। बाकि बची तीन सीटों में तीसरे चरण में चुनाव होना है। माना जा रहा है कि कांग्रेस के सारे नाम 27 मार्च तक घोषित किए जा सकेंगे।



### लखमा को बनाया बलि का बकरा- साय

कांग्रेस ने बस्तर लोकसभा सीट से पूर्व मंत्री और कोंटा विधायक कवासी लखमा को अपना उम्मीदवार बनाए जाने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने तंज कसते हुए कहा, कांग्रेस में प्रत्याशी नहीं मिल रहे। मिला हुआ टिकट वापस कर रहे हैं। कोई नहीं मिला, तो कवासी लखमा को बलि का बकरा बना रहे हैं।

### महिला पर खेल सकती है दांव

सरगुजा लोकसभा सीट पर दावेदारों को लेकर कांग्रेस मंथन कर रही है। फिलहाल इस सीट से शशि सिंह और मधु सिंह का नाम सबसे आगे चल रहा है। सरगुजा में भाजपा ने चिंतामणि महराज को को मैदान में उतारा है। उनके मुकाबले के लिए पैकरा समाज के प्रत्याशी पर कांग्रेस की नज़र है।

### कांकेर से लड़ सकते हैं बैज

बस्तर लोकसभा सीट से मौजूदा सांसद दीपक बैज का टिकट काट दिया गया है। दीपक बैज अभी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि पार्टी इस बार उन्हें कांकेर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा सकती है। कांकेर लोकसभा सीट में दीपक बैज के अलावा बीरेश ठाकुर और पूर्व मंत्री मोहन मरकाम का भी नाम शामिल है।

### बिलासपुर से ओबीसी

बिलासपुर लोकसभा सीट पर कांग्रेस ने उम्मीदवार घोषित नहीं किया है। यहां पैनल में दो नाम होने के कारण फैसला नहीं हो पाया है। जानकारी के अनुसार इस सीट से विधायक देवेन्द्र यादव का नाम सबसे आगे है। वहीं, यहां से विष्णु यादव के नाम की भी चर्चा है।

### रायगढ़ से तीन नाम

रायगढ़ लोकसभा सीट पर तीन दावेदारों के नाम सामने आए हैं, इस कारण से पार्टी अभी तक फैसला नहीं कर पाई है। यहां से जय माला सिंह, लालजीत सिंह और चक्रधर सिदार का नाम शामिल है।

# ओए ने सेवानिवृत्त अधिकारियों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- नए अधिकारियों को भेंट की डायरी

बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन द्वारा मार्च में सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों का उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मान किया। प्रगति भवन में आयोजित सम्मान समारोह में ओए से सेफी अध्यक्ष एनके बंछोर सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित थे। ओए द्वारा एजीएम अमलेंद्र कुमार,सूर्यकांत फटींग, मनोज पाटिल, सीनियर मैनेजर अमियो कुमार घोष, दयाराम अग्रवाल, रविंद्र कुमार महाराणा को चेक व पौधे भेंटकर सम्मान किया गया। सभी ने अपने सेवाकाल के अनुभवों को साझा किया।

श्री बंछोर ने कहा कि यह सभी अधिकारियों ने 11 बार पीएम ट्राफी जीतने में योगदान दिया है। यह आपके दीर्घ व उत्कृष्ट योगदान का सम्मान है। ओए मेडिकल सुविधाओं को बढ़ाने के लिए कोई कोरकसर नहीं छोड़ेगा। महासचिव परविंदर सिंह ने अधिकारियों के सेवाका में किए गए उत्कृष्ट कार्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर नए अधिकारियों अजय कुमार, आशीष कुमार, चौधरी, अंकुर वर्मा, अक्षय कुमार, अभिषेक कुमार, जी गौतमन, वेंकटपति राजू, सुमित कुमार, आशुतोष प्रधान, अल फहद खान,शशांक शर्मा, गिरीश शोभवानी, दीपक पार्या, नवनीत चौहान, सनत कुमार महापात्रा, सूरज वर्मा और अदवध नागेधर को डायरी देकर सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन विजय देशमुख ने किया। कार्यक्रम में ओए ओए के कोषाध्यक्ष अंकुर मिश्रा, सेफी नामिनी अजय कुमार, उपाध्यक्ष तुषार सिंह, अखिलेश मिश्रा, सचिव जेपी मिश्रा, संजय तिवारी सहित जोनल प्रतिनिधि रेमी थामस, संतोष सिंह, एमए आर, पिजूष सेन, निखिल पेठ, राधा किशुन, एनके गुप्ता, अभिषेक कोचर, एससी साहू, विवेक गुप्ता, राजेंद्र मंत्री, पीसी राउल, मिलिंद बंसोड़, एसके बोरकर आदि उपस्थित थे।




* **रायपुर**। कबीर नगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मूलतः पंजाब निवासी एक व्यक्ति तथा रायपुर के एक अन्य व्यक्ति के कब्जे से 140 ग्राम अफीम जब्त कर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

## पेज 9 के शेष

### रंग लगाने के ...

रंग गुलाल खेलने की बात को लेकर विवाद कर गालियां देकर जान से मार देंगे कहकर धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किया हैं। जिससे गुलशन के दोनों गाल व सिर के पीछे भाग में चोटें आई हैं।

**चाकू से हमला** : ग्राम सरेखा निवासी प्रार्थी अनिता साहू ने बताया कि उसका बेटा यश कुमार गली तरफ होली खेलने निकला था। करीब 4:30 बजे गांव के कलामंच के पास सुमीत विश्वकर्मा तू बहुत होशियार बनता है, सरपंच के पति हेमंत का पक्ष लेता है, कहकर गाली गलौच कर धमकी देकर हाथ मुक्का से यश कुमार को अपने हाथ में रखे चाकू से सिर, बांया कंधा, बांया आंख के उपर, पीठ के पास मारकर चोंट पहुंचाया है। यश कुमार अस्पताल में भर्ती है।

**डोर छेकना परंपरा के बीच मारपीट** : गुरूर थाना क्षेत्र मे होली त्यौहार के दिन गांवों में बच्चों द्वारा सड़क पर आवागमन करने वालों को रोककर जिसे (डोर छेकना) कहते हैं के दौरान विवाद शुरू हो गया। वहीं विवाद इतना बढ़ गया कि गांव के एक व्यक्ति सड़क से गुजर रहे सरपंच से मारपीट शुरू कर दिया। ग्राम टेंगना बरपारा निवासी पंवर सिंह यादव पिता बुधराम यादव ने बताया कि सामान लेने गुरूर जाते समय सोनईडोंगरी में केशव कुमार के दुकान के सामने कुछ बच्चे होली के कारण डोर छेक रहे थे। जहां पर मैं और युवराज रूके और बच्चे को 50 रूपये देने की बात बोल रहे थे। इतने में वहीं के धनेश्वर साहू आया और गाली गलौच करने लगा। इस दौरान उसे टेंगना बरपारा के सरपंच होना बताया फिर भी वह गाली गलौच करते हुए आकर हाथ मुक्के से मारपीट करना शुरु कर दिया।

**शराब पीने से रोका तो पिता-पुत्र ने पीटा** : गुरूर थाना क्षेत्र मे ही ग्राम चुल्हापथरा में साहाड़ादेव मंदिर के पास शराब पीने से मना करने पर मारपीट शुरू हो गया। प्रार्थी लोकेश्वर साहू ने बताया कि सोमवार को रात करीब 8 बजे अपने घर से टहलने निकला था। साहाड़ादेव के पास कृष्ण कुमार साहू अपने दोस्त के साथ शराब पी रहा था, जिसे मैं शराब पीने से मना किया। इस बात पर आरोपियों ने उसका कपड़ा फाड़ दिया। रात करीब 10 बजे प्रार्थी आरोपी कृष्ण कुमार साहू अपने बेटे कुशल कुमार के साथ आया और दोनों गाली देते हुये मारपीट किया।

**पुरानी रंजिश पर भतीजा ने चाचा को पीटा**: ग्राम बोदल में पुरानी रंजिश पर भतीते ने अपने चाचा को पीट दिया। प्रार्थी रामबालक साहू के अनुसार होली के दिन आरोपी भतीजा योगेश साहू पुरानी बातों को लेकर गाली-गलौच कर रहा था। इस पर प्रार्थी ने मना किया तो वह भड़क गया और बड़े भाई कमल के साथ मिलकर बुरी तरह से पीट दिया।

**नगाड़ा बजाने से रोका तो चाकू मारा** : ग्राम तमोरा में होली के दिन गांव के मंदिर चौक के पास कुछ युवा नगाड़ा बजाकर फाग गीत गा रहे थे। शाम 6:30 बजे नगाड़ा बंद किए तो गांव का रोशन यादव पहुंच और नगाड़ा बजाने कहा। इस पर लुकेश्वर साहू ने मना किया तो आरोपी भड़क गया और लुकेश्वर के मुंह में चाकू मार कर घायल कर दिया। आरोपी रोशन यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

**ब्लेड से काटा हाथ** : ग्राम जामगांव बी निवासी लोकेश साहू के अनुसार वह भोजन के बाद घर के बाहर टहल रहा था। उसी समय पड़ोसी अमित शर्मा ने लोगों को मेरे घर का पता बताने पर क्यों मना करते हो, कहते हुए अपने पास रखे ब्लेड से बांये हाथ के कलाई में 2–3 वार कर घायल कर दिया।

### अनजबी-संदिग्ध नजर आए ...

आकर चोरी करती है। इसी तरह ग्रामीण इलाकों में डेरा लगाकर व फेरी लगाकर रेकी करने के बाद वारदातों को अंजाम देते हैं। अगर मकान गांव से दूर स्थित है तो घर से बाहर जाते समय बड़ी रकम या ज्वेलरी का सामान घर में छोड़ कर न जाएं, सूने मकान को चोर टारगेट कर सकते हैं।

**नगर के जैन अर्चना भवन में अध्यात्मिक व दिव्य प्रवचनों की श्रृंखला जारी**

# जिनवाणी श्रवण करने से आत्मा शुद्ध होती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर के जैन अर्चना भवन के सभागार में बुधवार को श्रमण संघीय आचार्य भगवन डॉ शिवमुनिजी मसा की आज्ञानुवर्तिनी शिष्या महासती विजयश्रीजी मसा आर्या की सुशिष्या शासन दीपिका महासती प्रियदर्शनाश्रीजी प्रियदा ने अपने आध्यात्मिक व दिव्य प्रवचनों की श्रृंखला के अंतर्गत कहा कि नगर की यह भूमि अत्यंत ही पावन व ऊर्जा से परिपूर्ण है। यहाँ से अनेकों दिव्य आत्माएं जिनशासन की प्रभावना में लीन हैं, वहीं अनेक महापुरुषों का आगमन नगर की इस पुण्यभूमि पर हो चुका है। महापुरुषों ने भी नगर की व यहां के श्रद्धालु भक्तों की धर्म रुचि की अनुमोदना की है। यहां के लोगों ने गुरुभक्ति की मिशाल पेश की है। जिनशासन की प्रभावना व गुरुभक्ति का अनुपम लाभ होता है। जिनवाणी श्रवण करने का अनुपम अवसर मिला हुआ है इसका अधिक से अधिक लाभ अर्जित करें। जिनवाणी श्रवण करने से पाप कर्मों की निर्जरा होती आत्मा की शुद्धि होती है। पानी से शरीर की शुद्धि होती है वही जिनवाणी से आत्मा की शुद्धि होती है।जीवन के अंदर शब्दों की बड़ी ही महत्ता होती है जिनवाणी के एक एक शब्द ऊर्जा से ओतप्रोत है।जिनवाणी यदि जीवन के अंदर उतर जाए तो आत्मकल्याण निश्चित ही है।

महासती विचक्षणाश्रीजी मसा ने अपने प्रवचन में कहा कि इस पंचम काल में भले ही तीर्थंकर भगवान मौजूद नहीं है, परन्तु पंच महाव्रतधारी गुरु भगवन जरूर मौजूद हैं, जिन्होंने तीर्थंकर भगवान की वाणी को, आगमवाणी को बताने व उसके मर्म को बताने का प्रयास किया है।आत्मकल्याण का मार्ग प्रशश्त किया है। जैन साधु साध्वी पद विहार करते हैं व ग्रामानुग्राम जिनशासन की व जिनवाणी की प्रभावना करते हैं। महासती जी ने कहा कि अरिहंत देव क्षमा के सागर होते हैं, उन्होंने क्षमा को अपने जीवन में उतारा था। अपने से बैर रखने वालों के प्रति भी उनके हृदय में क्षमा की भावना रहती थी। यह शूरवीरों का कार्य है। अरिहंत देव से हमें क्षमा की शिक्षा मिलती है। सभी के प्रति क्षमा व मैत्री के भाव होने चाहिए। एक शूरवीर अनगार भी होते हैं जो तप के माध्यम से अपनी आत्मा की मलिनता को दूर करते हैं। आगमों में अनेकों शूरवीर अनगारों का उदाहरण मिलता है जिन्होंने विभिन्न तप के माध्यम से अपनी आत्मा का कल्याण किया था। दान देने वाला भी शूरवीर की श्रेणी में आते हैं। दान की महिमा का बड़ा ही महत्व है।साधु संत ज्ञान दान के साथ अभयदान देते हैं। जीवन के अंदर में हर कोई कुछ न कुछ दान अवश्य ही देता है। नदी जल का दान देती है, वृक्ष फल व छाया देते हैं, सूर्य प्रकाश देता है, वहीं गाय दूध का दान देती है। वही वासुदेव भी शूरवीर होते हैं जो अन्याय अनीति को खत्म कर न्याय नीति की स्थापना करते हैं। अरिहंत देव सदा ही वंदनीय हैं। उनकी महिमा अपरंपार है। अरिहंत देव के बताए मार्ग पर चलकर ही कल्याण के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं।



### इस सप्ताह होंगे विविध कार्यक्रम

संघ के दिनेश लोढ़ा ने बताया कि आचार्य सम्राट आनन्दऋषिजी मसा के बत्तीसवें पुण्य स्मरण दिवस के सुअवसर पर महासती वृन्द के सानिध्य में 28 मार्च को नगर के जैन अर्चना भवन के सभागार में गुणानुवाद सभा का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर आचार्यश्री के जीवन प्रसंग उनके चारित्रिक गुणों एवं संत जीवन की विशेषताओं को साध्वी वृन्द के द्वारा सभी श्रद्धा निष्ठ भक्तों के समक्ष विवेचित किया जाएगा। साथ ही इस अवसर पर 30 मार्च को सामुहिक एकासना दिवस व 1 अप्रैल को धार्मिक गायन व अंताक्षरी प्रतियोगिता व 3 अप्रैल को नगर के आनंद पब्लिक स्कूल में विशेष धर्म सभा व पूज्य सम्मान समारोह का आयोजन भी किया गया है।

## खबर संक्षेप

### पेट्रोलिंग में पकड़ाया चोरी का वाहन

**भिलाई।** चेकिंग के दौरान पुलिस ने चोरी कर मेटाडोर लेकर भाग रहे चालक को पुलिस ने पकड़ा है। जब चालक को हाइवे पेट्रोलिंग पुलिस टीम चालक को रोकने का प्रयास किया। मेटाडोर लेकर फरार होने लगा। पुलिस उसका पीछा कर उसे पावर हाउस के पास से पकड़ा। ट्रैफिक डीएसपी सतीश ठाकुर ने बताया कि 21 मार्च की रात 8 बजे पुलिस कंट्रोल रूम में पाइंट मिला। मेटाडोर एमएच 40 एम 3797 सफेद रंग का संदिग्ध हालत में जा रहा है। मेटाडोर महाराष्ट्र से चोरी हुआ है। वो भिलाई से निकलकर दुर्ग की ओर जा रहा है। सूचना मिलते ही हाईवे पेट्रोलिंग 2 में ड्यूटी पर तैनात आरक्षक जितेन्द्र मारकण्डेय और आरक्षक नरेन्द्र यादव ने ट्रक पता लगाना शुरू किया। पेट्रोलिंग करते समय वह वाहन रात 11.30 बजे सुपेला के पास दिखी। वाहन को देखते ही पुलिस हाइवे पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया। चालक पुलिस को देखकर घबरा गया और उसने वाहन नहीं रोका। इसके बाद उसे पकड़ने के लिए पावर हाउस हाइवे कैंटीन के पास घेराबंदी की गई। तब जाकर वाहन धरा गया। हाइवे पेट्रोलिंग टीम ने वाहन को पकड़ने के बाद छावनी पुलिस के हवाले किया। छावनी पुलिस ने वाहन को जब्त कर ड्राइवर से पूछताछ की। इसके बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। महाराष्ट्र पुलिस ड्राइवर को रिमांड पर ले जाने के लिए दुर्ग आएगी।

### नशीली दवाओं के साथ तीन युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** नशे के अवैध कारोबार करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने नारकोटिक एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि दो युवक जीवन रेखा परिसर दुर्ग के राकेश मेडिकल दुकान में नशीली दवा और कैप्सूल खरीदने जाने की सूचना मिली। एसीसीयू की टीम ने घेराबंदी कर मुखबिर की सूचना पर मकान नं. 536/10, सड़क नंबर 4 आषीष नगर, रिसाली ईस्ट निवासी गोवर्दन प्रसाद बंछोर को पकडा गया। आरोपी से पूछताछ करने पर बताया कि वार्ड 56 बघेरा दुर्ग निवासी रूस्तम नेताम और वार्ड 10 शंकर पारा दुर्ग अनीष उर्फ सोना राजपूत का नाम बताया। दोनों युवकों की खोजबीन करने पर पुलिस ने दोनों के पास से 1-1 डिब्बा नशे की दवा और कैप्सूल, मेडिकल संचालक गोवर्धन प्रसाद बंछोर से दुकान के पीछे कार्टून के डिब्बे में छिपाकर रखे दवा रखा हुआ था। जिसमें 11 डिब्बा, नशे का 17 डिब्बा और बेचे गई रकम 6600 रुपए बरामद किया। घटना में उपयोग किए गए एक्टिवा को पुलिस ने जब्त किया है।

### ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

**भिलाई।** स्कार्पियों चालक ने दरवाजा खोलते ही बाइक सवार ट्रेलर की चपेट में आने से मौत होने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि शांति पारा कैम्प 1 निवासी हेमंत कोशरिया अपनी बाइक से दुर्ग की ओर जा रहा था। इस दौरान मेनोनाइट चर्च के पास एक स्कार्पियों सड़क के बीचो बीच खडी थी। उसके किनारे ट्रेलर निकल रहा था। तभी बाइक सवार दोनों के बीच से बाइक सवार हेमंत भी निकल रहा था। इस दौरान स्कार्पियों चालक ने जोरदार अपना ड्राइवर ओर का दरवाजा खोलने से बाइक सवार टकरा कर ट्रेलर के चपेट में आ गया। घटना में उसकी मौके पर मौत हो गई। स्कार्पियों चालक ने बाइक सवार को बीएम शाह अस्पताल उपचार कराने लेकर गया था। लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। हेमंत भिलाई सिक्योरिटी एजेंसी का संचालक था। घटना की शाम अपने कर्मियों का पेमेंट करने के लिए 70 हजार रुपए कैश लेकर घर से निकला था। घटना के बाद से हेमंत के गले का चैन और 70 हजार रुपए कैश भी परिजनों को नहीं मिल पाया है। मृतक के तीन बच्चे है। मृतक कई सामाजिक कार्यो में हमेशा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया करता था। परिजनो का आरोप है कि यह हादसा नहीं है इसकी पुलिस को निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। फिलहाल मामले में पुलिस जांच कर रही है। पुलिस ने शव को पीएम के लिए सुपेला शास्त्री अस्पताल भेज दिया।

आयोजन : प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में हुआ होली मिलन कार्यक्रम

# होलिका के साथ अपनी किसी एक बुराई का अंत अवश्य करें : ब्रह्माकुमारी विजय लक्ष्मी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद में होली मिलन कार्यक्रम आयोजन किया गया।

होली मिलन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ब्रह्माकुमारी भाई बहन उपस्थित रहे। ब्रह्माकुमारी विजय लक्ष्मी दीदी ने होली का महत्व बताते हुए कहा कि पहली होली अर्थात जो हो गया बीत गया, उसका ना तो वर्णन करना है और ना ही चिंतन करना है। दूसरी होली अर्थात शुद्धता, पवित्रता हमें अपने मन को विचारों को शुद्ध होली बनाना है। तीसरी होली अर्थात परमात्मा की हो ली अर्थात, मैं आत्मा परमात्मा की हो गई। उन्होंने आगे कहा कि



सभी लोगों का दायित्व है कि अपने अंदर की किसी एक बुराई को होलिका के साथ दहन अवश्य कराएं। इंसान को श्रेष्ठ मार्ग पर चलना चाहिए और अच्छाइयों को ग्रहण करना चाहिए, उन्होंने कहा कि ईश्वर चाहता है कि हमारे अंदर तमाम बुराइयां खत्म हो और अच्छाइयां का प्रवेश हो।

बीके सरिता दीदी ने होली के रंगों का आध्यात्मिक अर्थ बताया, होली का अर्थ है कि हम ईश्वर के हो चुके और ईश्वर हमारा हो चुका, इसके अलावा बुराइयों पर अच्छाइयों की विजय का प्रतीक भी होली को समझा जाता है। उन्होंने कहा कि नीला रंग शांति, हरा रंग प्रेम, पीला रंग खुशी, नारंगी रंग पवित्रता, लाल रंग शक्ति का होता है होली पर्व में इन रंगों के साथ स्वयं को रंग के सच्ची होली मनाई।



### डौंडीलोहारा के कई वार्डों में किया गया होलिका दहन



**डौंडीलोहारा।** नगर के संजय नगर, रामनगर राजापारा, नया बस स्टैंड स्थित गौठान में, फॉरेस्ट क्वार्टर सहित कई वार्डों में परंपरागत रूप से होलिका दहन किया गया। भगत सिंह वार्ड नंबर 3 में वार्डवासियों ने परिवार सहित मिलकर होलिका दहन उत्सव का आयोजन किया। होलिका दहन के पूर्व वार्डवासियों द्वारा होलिका की पूजा अर्चना की गई। हिन्दू युवा संघ ने प्रथम बार होलिका दहन आयोजन किया। कार्यक्रम में बच्चे और महिलाएं आनंद के साथ भजन गाते और नृत्य करते हुए शामिल हुए। कार्यक्रम को संचालित करने में मयंक जायसवाल, सिद्धार्थ जायसवाल, नमन निषाद, विकास निषाद, मेहुल साहसी का विशेष योगदान रहा। व्याख्याता बी एल साहसी व महेन्द्र जायसवाल ने सभी को होली की शुभकामनाएं दीं।

### लोगों पर छाई रही होली की खुमारी

**डौंडीलोहारा।** रंगों का त्योहार होली सोमवार को बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। खासकर बच्चों और युवाओं में जबरदस्त उत्साह का माहौल देखा गया। लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं दी। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह से देर रात तक नगाड़ों की थाप गूंजती रही। होली के दिन सुबह से देर रात तक लोगों ने होली खेलकर आपस में खुशियां बांटी। परिचितों के अलावा अंजान लोगों से भी मेल बढ़ाकर लोगों ने रिश्तों की शुरुआत की। गांव-गांव में फाग गीत पर नगाड़े की थाप पर युवाओं के साथ बुजुर्ग भी झूमते रहे। सभी लोगों ने टोलियां बनाकर सड़कों पर रंग लेकर एक दूसरे को भाईचारे के प्रतीक होली पर गिले शिकवे भूलाकर लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर अपनी खुशी का इजहार किया। कहीं लोग मीठे पकवानों का आनंद उठा रहे थे, तो कहीं पर रंगों की बौछारों का। नीला, पीला, हरा, गुलाबी रंग से इस अनूठे पर्व को मनाने में महिलाएं व बच्चे भी पीछे नहीं दिखीं। महिलाओं ने भी समूह बनाकर होली खेली। कई मोहल्लों में तो उत्साही युवाओं की टोलियों द्वारा डीजे की धुन पर थिरकते हुए होली मनाई गई। लोगों ने आपसी भाईचारे के साथ ही इस त्योहार पर एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली मनाई।







# आगामी चुनाव में बनेगी कांग्रेस की सरकार : राजेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

- दुर्ग लोकसभा प्रत्याशी ने ली कार्यकर्ताओं की बैठक

दुर्ग लोकसभा अंतर्गत दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के ग्राम अंडा में जोन स्तरीय कांग्रेस की अहम बैठक रखी गई। बैठक में लोकसभा प्रत्याशी राजेन्द्र साहू ने कहा कि बीजेपी की कथनी और करनी में अंतर के कारण सरकार के खिलाफ लोगों में बहुत गुस्सा है और आने वाले चुनाव में कांग्रेस की सरकार बनेगी। उन्होंने आगे कहा कि देश में बढ़ती महंगाई से जनता त्रस्त है, जिसके लिए पूरी तरह से केंद्र सरकार जिम्मेदार है। इसके साथ ही उन्होंने कांग्रेस की ओर से राहुल गांधी द्वारा किए गए वादों से कार्यकर्ताओं को अवगत कराते हुए उन्हें आम जनता तक पहुंचाने को कहा। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं के साथ होली भी खेली गई।

इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी पदम कोठारी, दुर्ग जनपद अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख, जिला पंचायत सभापति योगिता चन्द्राकर, सभापति लक्ष्मी साहू, ब्लॉक कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर, तारकेश्वर चन्द्राकर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# दुपचेरा में कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों को दी गई विदाई



**गुरूर।** माध्यमिक शाला दुपचेरा में कक्षा आठवी में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को कक्षा 6 वी एवं 7 वी के विद्यार्थियों ने विदाई दी। प्रधान पाठक चंद्रप्रकाश श्याम एवं संकुल समन्वयक नरेंद्र साहू ने मां सरस्वती की पूजा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर छात्राओं की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कक्षा 6 वीं एवं 7 वीं के छात्रों ने 8 वीं के छात्रों को कलम भेंट कर विदाई दी।

प्रधान पाठक ने छात्रों को आगे उच्च कक्षा में कड़ी मेहनत कर अच्छा परिणाम लाने के लिए प्रेरित किया। संकुल समन्वयक नरेंद्र साहू ने कहा कि माता-पिता एवं शिक्षकों के बताए मार्ग का अनुसरण करते हुए अनुशासन में रहकर कार्य करें। इस अवसर पर मध्यान्ह भोजन संचालन समिति द्वारा न्योता भोज का आयोजन कर खीर पूड़ी व बड़ा परोसा गया।

कार्यक्रम में शिक्षक राजेन्द्र साहू, शिक्षिका दुलेश्वरी कोसरिया सहित समिति की अध्यक्ष शकुन बाई, सचिव गीतेश्वरी, कविता सूर्यवंशी, लीलेश्वरी, धर्मिन नेताम, पदमा बाई, जानकी बाई, डिलेश्वरी, खेमिन बाई उपस्थित थे।

# एमएसडब्ल्यू के विद्यार्थियों ने शौर्य युवा संगठन के कार्यालय का किया भ्रमण




हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शैलदेवी महाविद्यालय अंडा के एमएसडब्ल्यू द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र एजेंसी प्लेसमेंट कार्यक्रम के अंतर्गत एनवाईके दुर्ग युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार व बी एजुकेटेड मूवमेंट संयुक्त राष्ट्र अमेरिका से संबद्ध शौर्य युवा संगठन कोड़ियां के कार्यालय का भ्रमण किया।

एमएसडब्ल्यू के सहायक प्राध्यापक ढाल सिंह साहू ने बताया कि शैलदेवी महाविद्यालय अंडा के समाज कार्य में स्नातकोत्तर के छात्र पाठ्यक्रम के अनुसार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की स्वायत्त संस्था नेहरू युवा केन्द्र दुर्ग के अंतर्गत 20 दिनों के एजेंसी प्लेसमेंट कार्यक्रम अंतर्गत केंद्र व सम्बंधित युवा मंडलों की गतिविधियों की जानकारी ले रहे हैं। इसी क्रम में राज्य का सर्वश्रेष्ठ युवा मंडल पुरस्कार प्राप्त सामाजिक संस्था शौर्य युवा संगठन के कार्यालय का भ्रमण किया और इनकी कार्यशैली की जानकारी ली गई। एजेंसी प्लेसमेंट के दौरान फ्रीडम दौड़, जल संरक्षण, मतदाता जागरूकता, जनचौपाल, लिंग समावेशी, नुक्कड़ नाटक सहित अनेक एनवाईके दुर्ग सलाहकार समिति सदस्य एवं शौर्य संगठन सचिव आदित्य भारद्वाज ने शौर्य संगठन के गतिविधियों एवं उपलब्धियों की जानकारी देते हुए सामाजिक क्षेत्र की चुनौतियों और तकनीकियों के सम्बंध में मार्गदर्शन दिया। इस दौरान शौर्य संगठन के सहसचिव लक्ष्मी निषाद, कार्यक्रम समन्वयक व एनवाईवी यादवेंद्र साहू, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य विभाग प्रभारी पंकज दीपक सहित शैलदेवी महाविद्यालय अंडा के एमएसडब्ल्यू के छात्र मौजूद थे।

सांड की आंख से बह रहा है आंसू

# दवा व मेन पावर के अभाव में नहीं हो पा रहा सांड़ की आंख का इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

सांड की आंख से आंसू बह रहा है। पशु चिकित्सालय जामगांव आर के पशु चिकित्सक परेशान हैं, कि इस सांड का इलाज कैसे करें।

कोई सांड को पकड़ने और देखभाल करने वाला हो, तभी इलाज संभव है। यह बात कहते हुए जामगांव आर पशु चिकित्सालय के डॉ मुखोपाध्याय ने सांड की आंख की तकलीफ बताने वाले शख्स के हाथ में आंख में डालने वाली दवा की एक पर्ची थमा दी। इसके साथ ही कहा कि दवा को मेडिकल स्टोर्स से खरीद कर सांड की आंख में दो-तीन बार दिन में डालते रहें।

15 दिनों से आंख की तकलीफ से परेशान सांड दर दर भटक रहा है। घरों में कुछ खाने को तो मिल जाता है, परंतु आंख से टपक रहे आंसू का इलाज नहीं हो पा रहा है।



### पशु चिकित्सालय में सांड के लिए दवाई उपलब्ध नहीं

जब पूछा गया कि यह शासकीय पशु चिकित्सालय है, तो सांड की आंख के लिए दवा मिलनी चाहिए। इस पर चिकित्सालय कर्मी ने बताया कि अभी यहां अनेक दवाइयां उपलब्ध नहीं हैं। इसलिए आपको ही दवा खरीद कर सांड की सेवा करनी पड़ेगी। अप्रैल में दवाईयां कब आएंगी, पता नहीं है। डॉक्टर ने बताया कि एक हॉटल वाले के सहारे सांड की आंख में दवाई डालने का प्रयास किया गया, लेकिन सफलता नहीं मिली।

### ब्लाक स्तर पर पशु चिकित्सालय में होनी चाहिए एक्सपर्ट मेन पावर की सुविधा

अच्छे नस्ल के पशु धन की उम्मीद लेकर धार्मिक आस्था को प्रबल करते हुए ग्रामीण सांड छोड़ते हैं, जो सर्व समाज के लिए होता है। सांड की देखभाल की जिम्मेदारी समाज की है और समाज का व्यक्ति शासकीय पशु चिकित्सालय से अपेक्षा करने लगता है, जो स्वाभाविक है। लेकिन, शासकीय पशु चिकित्सालय में दवाई का नहीं होना और सांड को पकड़ने के लिए सहयोग के अभाव विडंबना पूर्ण स्थिति निर्मित कर देती है। पशु पालक ग्रामीणों की मांग है कि ब्लाक स्तर पर शासन को कुशल प्रबंधन करना चाहिए। इससे एक्सपर्ट मेन पावर एवं पर्याप्त दवाईयां उपलब्ध हो सके।

टी.बी. भगाबो, देश बचाबो नारे के साथ निकली जागरुकता रैली

# विश्व क्षय रोग दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर नगर के शहीद अस्पताल के साथ ही पूरे एक सप्ताह अलग-अलग ग्रामों में पहुंचकर विश्व क्षय रोग दिवस के संबंध में आमजनों को जागरूक किया गया। दुनिया भर में हर साल 24 मार्च को विश्व क्षय रोग दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष राष्ट्रीय क्षय उन्मुलन कार्यक्रम द्वारा विश्व क्षय दिवस का थीम-यस वी केन एंड टीबी रखा गया है। नगर के शहीद अस्पताल में 17 से 23 मार्च तक क्षय रोग नियंत्रण सप्ताह के रूप में आयोजित किया गया।





18 मार्च को ग्राम- देवपाण्डुम, 20 को ग्राम-रजही, 21 को ग्राम भर्रीटोला, 22 को शहीद अस्पताल से रैली निकालकर वार्ड नं. 10, 11, 14, 15 की गलियों में टी.बी. भगाबो, देश बचाबो के नारे के साथ भ्रमण एवं 23 मार्च को छत्तीसगढ़ माइंस श्रमिक संघ कार्यालय में कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के तहत सभी जगहों पर रैली निकालकर आसपास के लोगों को नुक्कड़ नाटक के द्वारा लोगों को टी.बी. संक्रमण, टी.बी. से बचाव आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। टी.बी. मरीजों द्वारा भी अपने भावनाओं को व्यक्त किया गया। अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य से संबंधित लोगों के सवालों के जवाब दिए गए एवं टी.बी के ईलाज, सरकारी कार्यक्रमों से अवगत कराया गया। नुक्कड़ नाटक शहीद अस्पताल की ट्रेनिंग सिस्टर द्वारा प्रस्तुत किया गया जिसे डॉ. वेद कुमार के द्वारा तैयार करवाया गया, डॉ. शैबाल जाना,मुख्य चिकित्सा अधिकारी,

शहीद अस्पताल ने कहा कि क्षय रोग के संबंध में विभिन्न प्रकार के टिप्स आमजनों को दिया गया।

### कॉलेजों की उत्तरपुस्तिकाओं का केंद्रीय मूल्यांकन शुरू

**भिलाई।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा आयोजित वार्षिक परीक्षा 2024 का केन्द्रीय मूल्यांकन विश्वविद्यालय में आरंभ हो गया। वर्तमान में वार्षिक परीक्षाओं के तीन पालियों में जारी रहने के कारण केन्द्रीय मूल्यांकन में लगभग 30 प्राध्यापक उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कर रहे है। विष्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने बताया कि इस वर्ष वार्षिक परीक्षाओं में लगभग एक लाख अड़तीस हजार परीक्षार्थी शामिल हो रहे है। इनकी लगभग 14 लाख से अधिक उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन होना है। अभी तक लगभग डेढ़ लाख से अधिक उत्तरपुस्तिकाएं मूल्यांकित हो चुकी है। केन्द्रीय मूल्यांकन में बी.कॉम तथा बीसीए की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन विशेषज्ञ प्राध्यापकों द्वारा कराया जा रहा है। डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि एक अप्रैल से विश्वविद्यालय परिसर में तीन पृथक–पृथक स्थानों पर कला एवं विज्ञान संकाय की उत्तरपुस्तिकाओं का केन्द्रीय मूल्यांकन आरंभ किये जाने का विश्वविद्यालय प्रशासन प्रबंधन कर रहा है।

न्यायालय तहसीलदार, डौण्डीलोहारा
जिला-बालोद छ.ग.

**उद्घोषणा**

**ई-कोर्ट राजस्व प्रकरण क्रमांक 202402240200015 ब-121 वर्ष 2023-24**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मुस्लिम समाज डौण्डीलोहारा जिला बालोद द्वारा डौण्डीलोहारा में लगभग एक हजार मुस्लिम निवासरत है और इन सभी के लिये इस विकासखण्ड मे समाजिक व धार्मिक कार्यक्रम के लिये अपना कोई भवन व जमीन नहीं है। सभी मुस्लिम का सम्पर्क डौण्डीलोहारा से है। अतः डौण्डीलोहारा स्थित ख.न 54/1, रकबा 0.67 हे. भूमि को आबंटन किये जाने बी-1 नकल नक्शा सहित आवेदन पत्र प्राप्त हुआ है।

अतएव उपरोक्तानुसार वाद भूमि को मुस्लिम समाज डौण्डीलोहारा को आबंटित किये जाने में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो वें दिनांक 04/04/2024 को या इसके पूर्व स्वतः अथवा मान्य अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त होने वाले आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

(मुहर)

**तहसीलदार
डौंडीलोहारा**

## खबर संक्षेप



### शिकसा के कलाकारों ने होली पर दी रंगारंग प्रस्तुति

**अंडा।** शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में होली के रंग शिकसा के संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संयोजक डॉ.शिवनारायण देवांगन आस के संयोजन, विजय कुमार प्रधान कार्यक्रम प्रभारी की उपस्थिति एवं टीकाराम सारथी हसमुख प्राचार्य चुरतेली व सलाहकार की अध्यक्षता में हुआ। कार्यकम में मोना रावत, गुंजन वार्ष्णेय, सुनीता चौधरी, हेमराज निषाद, डॉ.प्रमोद आदित्य, हरमन कुमार बघेल, दुर्गा पाठक जोशी, मोहित कुमार शर्मा, अनूप कुमार साहू, संध्या पाठक, पुष्पांजलि ठाकुर, दीपाली श्रीवास, वाकेश्वरी साहू, ममता साहू, ओ.पी. कौशिक रतनपुरिहा, तारा बन्छोर, शकुंतला सहंश, रामकुमार पटेल, लक्ष्मी शार्दुल, दिव्या कुमारी, जनक सिन्हा, ऋतंभरा कश्यप आदि ने होली पर गीत प्रस्तुत किया। कार्यकम का संचालन राधेश्याम कंवर तथा आभार प्रदर्शन डॉ.शिवनारायण देवांगन आस ने किया।

### युवक ने किया रक्तदान



**बालोद।** ग्राम नारागांव निवासी युवा समाजसेवी टिकेश्वर साहू ने जिला हॉस्पिटल बालोद में 6वीं बार रक्तदान कर जरूरतमंद की मदद की है। रक्तदान करने के साथ आज के युवा पीढ़ी को आगे आकर रक्तदान करने के लिए आह्वान किया है।

### ट्विनसिटी में नगाड़ों की धूम के साथ जली होली

**भिलाई।** ट्विनसिटी में रविवार को होली का पर्व पारंपरिक रूप से मनाया गया। भिलाई दुर्ग के हर गली मोहल्ले में लोगों ने होलिका जलाई। नगाड़ों की थाप और फाग गीतों के बीच होलिका दहन किया गया। कहीं गोबर के कंडे से तो कहीं कपूर से होलिका जलाई गई। दुर्ग भिलाई में 600 से ज्यादा स्थानों पर होली जलाई गई है। त्योहार को लेकर दिनभर होलियारों की टोली तैयारी में जुटी रही। खास कर इस बार बच्चों का उत्साह खासा दिखाई दिया। लोग अपने गली-मोहल्ले में लकड़ी, कंडे एकत्र कर होलिका बनाई। दुर्ग, पटरीपार, रामनगर, सुपेला, वैशालीनगर, कैंप, खुर्सीपार, छावनी, बैंकुठधाम, हाउसिंग बोर्ड, नेहरू नगर, स्मृति नगर, सेक्टर 1 से लेकर सेक्टर 11 तक होली जलाई गई। रविवार अवकाश के दिन होने की वजह से सरकारी और ज्यादातर प्राइवेट दफ्तर बंद रहे। इसलिए दो दिन पहले ही इन दफ्तरों में रंग गुलाल उड़ने लगे थे। अधिकारी-कर्मचारियों पर शुक्रवार को ही होली की खुमारी चढ़ गई थी। इस दिन दफ्तर का माहौल रंग गुलाल से सरोबार हो चुका था। एक दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली पर्व की बधाई पहले ही दे चुके थे। रविवार को होली के दिन से ही रंग गुलाल खेलना भी शुरू हो गया।









**होली में जमकर उड़ा रंग-गुलाल**

**बालोद।** आचार संहिता की पाबंदी भी होली के उत्साह को कम नहीं कर पाई। गांव से लेकर शहर तक हर वर्ग के लोगों ने जमकर रंग-गुलाल उड़ाया और होली पर्व का आनंद लिया। नन्हें बच्चों से लेकर युवा, बुजुर्गों व महिलाएं भी विभिन्न रंगों में रंगे नजर आए। जिले में लोग सोमवार और मंगलवार को भी जमकर होली खेले, वहीं नगाड़ा की थाप में व फाग गीतों में बच्चों से लेकर युवा तथा बुजुर्ग थिरकते नजर आए, इस बीच रंग गुलाल में सने लोगों कई अलग अलग तस्वीरें सोशल मीडिया में साझा किए और होली की शुभकामनाएं दी।

### त्योहार : अंचल में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई होली

# होली पर परंपरा और आधुनिकता का मिलाप बरसे रंग-गुलाल, डीजे-नगाड़े पर थिरके लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में होली का त्योहार हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया गया। होली का त्यौहार रंगों का त्यौहार माना जाता है, इसलिए लोग इस त्यौहार के अवसर में रंग गुलाल खेलते और नगाड़ो के धून में नाचते त्यौहार का आनंद लेते नजर आये। इस बार होली का त्यौहार शहरों के साथ ग्रामीण अंचलों में भी बहुत धूमधाम से मनाया गया। होली का त्यौहार रात्रि कालीन होलिका दहन, नगाड़े की थाप पर होली गीत और रंग गुलाल खेल कर मनाया गया है।





### करहीभदर में महामुर्ख की अनोखी परम्परा

होली के अवसर पर इस साल महामूर्ख का ताज गाँव के सोभित ठाकुर के सिर पर सजाया गया। होली के अवसर पर ग्रामीणों की उपस्थिति में चिट के माध्यम से महामूर्ख की लॉटरी गाँव के लगभग पाँच सात लोगों का नाम चयनित कर निकाली जाती है। वहीं लॉटरी में चयनित नाम के व्यक्ति को महामूर्ख की उपाधि और ताज रंग गुलाल के साथ विशेष वेशभूषा से सुसज्जित किया जाता है और ग्रामीणों की उपस्थिति में सम्मानित किया जाता है। महामूर्ख व्यक्ति प्रत्येक वर्ष होली के अवसर पर चयनित किया जाता है, जो हास्य या मनोरंजन का प्रतीक होता है।

**होली त्यौहार में दिखा बदलाव:** होली का त्यौहार वर्षों से नगाड़े के थाप रंग गुलाल और पिचकारी के साथ मनाया जाता है, लेकिन अब आधुनिकता के इस दौर में लोग शहरी और ग्रामीण अंचलों में भी नगाड़े को छोड़ डीजे के धुन में नाचते दिखे। वहीं, कुछ जगहों पर ही नगाड़े बजाने वालों की टोली नजर आयी, जो होली गीत पर झूमते और परम्परागत होली का आनंद उठाते नजर आए।

### दहकते अंगारों पर चले श्रद्धालु

ग्राम करहीभदर में होली के इस अवसर पर होलिका दहन कर अंगारों को पार कर तथा होलिका का तिलक लगाकर नगाड़े की थाप में रंग गुलाल और पिचकारी के साथ होली का त्यौहार मनाया गया। सरपंच लीला राम ड़ड़सेना ने बताया कि होलिका दहन की यह परम्परा वर्षों से चली आ रही है। जहाँ गाँव के देवी देवता का पूजा अर्चना कर होलिका दहन किया जाता है। जिसके बाद इस होलिका दहन के दहकते अंगारों पर ध्वजा पकड़े भक्त नंगे पैर पार करते हैं। जिसमे गाँव के बैगा और ग्रामीण लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। यह वर्षों पुरानी परम्परा है, जो आस्था का कारण इसके कारण आज भी प्रचलित है।









### होली पर छलका उत्साह, उड़े रंग, बरसे गुलाल

**दल्लीराजहरा।** दल्ली राजहरा सहित क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ होली का त्यौहार मनाया गया। एक दिन पूर्व दल्लीराजहरा में होलिका दहन किया गया। दल्लीराजहरा शहर के सभी क्षेत्रों में होली का पर्व बचपन से पचपन वर्ष के आयु के लोग खुशियां मनाते दिखे। वहीं, छिटपुट घटनाओं को छोड़कर शांतिपूर्ण ढंग से होली का पर्व मनाया गया। दल्ली राजहरा पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रही। अलग-अलग पेट्रोलिंग टीम सभी वार्डों में गश्त करती रही। हालांकि वार्ड क्रमांक 5 में भूमि विवाद को लेकर पारिवारिक मारपीट हुई, जिसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों ने होली के गीतों पर नाचते, झूमते एक दूसरे को रंग गुलाल लगाया। बच्चे भी हाथों में पिचकारी लेकर एक दूसरे पर मस्ती में रंग डालते रहे व छोटे बच्चे पानी गुब्बारे एक दूसरे को मरते नजर आए। रंगों का त्योहार होली सोमवार को धूमधाम से मनाया गया, मोहल्लों और सड़कों पर होली की रौनक दिखी।दल्लीराजहरा में सोमवार को रंगों का त्योहार होली धूमधाम से मनाया गया। जगह-जगह युवाओं और बच्चों की टोलियां संगीत की धुन पर थिरकती दिखाई दी। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक और राजनेताओं लोगों ने भी जमकर होली खेली। इससे पहले रविवार रात 8-10 से ज्यादा स्थानों पर होलिका पूजा-अर्चना कर होलिका दहन किया गया। वहीं, अंचल के कई स्कूलों में भी होली की छुट्टी से पहले बच्चों ने एक-दूसरे पर गुलाल लगाकर जमकर होली खेली और एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं।

## माहेश्वरी महिला और युवा मंडल के होली मिलन कार्यक्रम में छलका उत्साह

**गुरूर।** माहेश्वरी महिला मंडल एवं माहेश्वरी युवा मंडल के संयुक्त तत्वावधान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। ऐतिहासिक काल भैरव मंदिर प्रांगण में समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत महेश वंदना के साथ की गई। उसके बाद राधा-कृष्ण के साथ फूलों की होली खेली गई। समारोह में राधा कृष्ण का रूप धारण कर सदस्य पहुंचे थे। राधा कृष्ण के साथ महिला मंडल के सदस्यों ने रास लीला कर नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी। बालिका मंडल एवं बच्चों ने नृत्य किया। बच्चों के लिए सरप्राइज गेम्स रखे गए, जिसमें प्रथम राघव गांधी, द्वितीय परी राठी रहे। इसी तरह कपल गेम्स में प्रथम राजेश टावरी एवं मंजू टावरी, द्वितीय कमल टावरी एवं पूजा टावरी रहे। एंकरिंग का कार्यभार प्रणय टावरी एवं निशिता टावरी तथा गेम खिलाने का कार्यभार विधि राठी एवं रिद्धि गांधी ने संभाला। कार्यक्रम में महिला मंडल अध्यक्ष मंजू टावरी, सचिव ममता टावरी तथा युवा मंडल अध्यक्ष धीरज मुंदड़ा तथा सचिव प्रखर टावरी, ललीत टावरी, ओमप्रकाश राठी, गोपाल राठी, राजेश टावरी, तरूण टावरी, सुनील मुंदड़ा, अभिशेक टुवानी, मगराज राठी, शुभम राठी, शकुंन गांधी, माया टावरी, रितु राठी, प्रियंका टावरी, मीना टावरी, निधी टुवानी, मंजू राठी, कस्तुरी मुंदड़ा, गायत्री राठी के साथ युवा मंडल और महिला मंडल की उपस्थिति रही।





### नवागांव बी में धूमधाम से मनाई गई होली



**जामगांव आर।** नवागांव बी में होली त्योहार धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में भाजपा युवा नेता अभिषेक सेन, आशा साहू, भारती साहू, शशिकिरण साहू, अंजू साहू, मेघा साहू, बबली, दामनी, डिंपल, जिया साहू, दीक्षा, लिली, नंदनी, चेतना, केशकुमारी सहित समस्त ग्रामवासी शामिल हुए।

### दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र में परंपरागत रूप से मनाया गया होली का त्योहार



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंडा, चिंगरी, अछोटी, भरदा, कुथरेल,भानपुरी, कोनारी, चंदखुरी,कोलिहापुरी,जंजगिरी,विनायकपुर, आलबरस, आमटी, निकुम, खाड़ा, रूदा,भोथली,तिरगा,झोला, डौकीडीह, ओटेबंद, सिरसिदा, परसदा, डगनिया,नाहंदा ,गुरेदा,सलौनी,भिलाई, चीचा, ओडारसकरी, मटिया, देवगहन सहित अंचल के सभी गांवों में रंगों का होली का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। लोगों ने एक-दूसरे पर गुलाल लगाकर शुभकामना दी, तो वहीं बच्चों ने पिचकारी से रंगों की बौछार कर होली मनाई। इस बीच लोग अपने परिवार के साथ पड़ोसियों और रिश्तेदारों के घर गुझिया सहित सभी के घरों में पूड़ी, बड़ा, ठेठरी, खुरमी, कटवा, अइरसा सहित विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थ बनाए गए। वहीं, तरह-तरह की मिठाइयां लेकर एक-दूसरे के घर पहुंचे और उन्हें होली की शुभकामनाएं दीं। वहीं, गांवों में कई जगह लोगों की टोलियां नगाड़े की धुन पर फाग गाते दिखाई दिए।

### फागुनदाह में फाग गीतों पर जमकर थिरके लोग



**गुरूर।** ग्राम फागुनदाह में होली धूमधाम से मनाई गई। जहां नगाड़े के साथ फाग की धुन पर लोग नाचते-झूमते दिखे। दिनभर एक दूसरे से मेल मिलाप करते हुए रंगों के त्यौहार में सभी पुराने रिश्तों की खटास को भूलकर मिल-जुलकर होली मनाई।

### अंडा क्षेत्र में होली पर छलका उत्साह



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में होली पर लोगों में काफी उत्साह नजर आया। अंचल के संजय न्यूज एजेंसी अंडा में होली का त्योहार अपने अखबार बांटने वाले कर्मचारियों के साथ हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर, नगाड़ा बाजा बजाकर होली गीत गाकर सभी ने होली मनाई। वहीं, सभी कर्मचारियों को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कर होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण अंडा क्षेत्र के पत्रकार संजय कुमार साहू, स्टाफ कर्मचारी ओमप्रकाश साहू, देवव्रत सुधीर साहू, निखिल देशमुख, अमित निर्मलकर, भीषम साहू, हिमांशु देशमुख, पुरूषोत्तम देशमुख, यदु, तन्मय साहू, अमन, ढानेश्वर यादव, टिकेश्वर साहू, शुभम चंद्राकर, गोपाल मानिकपुरी, कुनाल धनकर, हिरू देशमुख, खिलेश्वर साहू, चित्तरंजन साहू, राहुल साहू, चंदन, मनीष साहू एमन चंद्राकर, बाऊ धीवर सहित और सहयोगी उपस्थित थे।







